## एक नजर में

### मक्सी में निकली भव्य शोभायात्रा



**मक्सी, 4 जुलाई .** शुक्रवार को नगर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया. शोभायात्रा की शुरुआत नर्मदा मंदिर से हुई. नई आबादी, कचहरी चौक, झंडा चौक, जैन मंदिर रोड, बस स्टैंड से होते हुए नगरपति हनुमान मंदिर पर सम्पन्न हुई. इस शोभायात्रा में नगर की महिलाओं एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. आयोजन में हिंदू उत्सव समिति के श्रीपाल जैन, हरिश गुड्डू पांडे, हरिश भावसार, अजय गुप्ता, नंदनी असोडिया, नरेंद्र जैन, सुनील भावसार, विनय गुप्ता, पार्षद रुखमणि पाटीदार आदि ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया. धर्मेन्द्र सोनवान के निर्देशन में बैंड बाजे की धुनों पर यात्रा आगे बढ़ी. शोभायात्रा में निर्मला जागीरदार के अनुयायी नृत्य करते हुए नजर आए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया. निर्मला जागीरदार एवं डोली दीदी द्वारा नगरपति हनुमान मंदिर, राम मंदिर तथा नर्मदा मंदिर में घंटाल भेंट अर्पित किए गए. समापन स्थल नगरपति हनुमान मंदिर पर विशाल भोजन भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.

### धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**शाजापुर, 4 जुलाई .** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आगामी त्यौहार मोहर्रम, श्रावण सोमवार, नागपंचमी, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आदि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जन सामान्य के कल्याण एवं लोक शांति को कायम रखने के लिए शाजापुर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है. आदेश के अनुसार सभी प्रकार के सार्वजनिक स्थानों, चौराहों, चौपाल, नगर के तिराहे इत्यादि में किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन, जुलूस आदि को प्रतिबंधित किया गया है. यह आदेश जन सामान्य के जानमाल की सुरक्षा तथा भविष्य में लोक शांति भंग होने की संभावनाओं को नियंत्रण की दृष्टि से जारी किया गया है एवं परिस्थितिवश इतना समय उपलब्ध नहीं है कि संबंधित जन सामान्य व्यक्ति या समूह को इस संबंध में सूचना दी जाकर सूचना की जा सके. यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 ( 2 ) के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है इस आदेश से व्यथित व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 ( 5 ) के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा. यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा, तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत अभियोजन के लिए उत्तरदायी होगा. यह आदेश 3 जुलाई से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा.

### जिपं सीईओ ने शिक्षकों को दिया मार्गदर्शन



**शाजापुर, 4 जुलाई .** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में आयोजित दो दिवसीय गणित, विज्ञान प्रशिक्षण में गत दिवस जिला पंचायत सीईओ संतोष टेगौर ने शिक्षकों को अपने शैक्षिक दायित्व का पूर्ण कर्तव्य बोध के साथ निर्वहन करने एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण में सीखी गई नई तकनीक अवधारणाओं एवं शैक्षणिक नवाचारों का प्रयोग कक्षाओं में करने के लिए निर्देशित किया. इस दौरान जिला पंचायत टेगौर ने विकासखंड शाजापुर के जन शिक्षकों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार की टीचिंग लर्निंग मटेरियल का अवलोकन भी किया. उन्होंने शिक्षकों के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें जिले में सभी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करानी है. साथ ही प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया. इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे, डीपीसी अनुराग पांडे, शाजापुर विकासखंड बीआरसीसी योगेश भावसार, बीएसीए जन शिक्षक और डाइट का स्टाफ उपस्थित था.

### स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन

**शाजापुर, 4 जुलाई .** मप्र जन अभियान परिषद जिला शाजापुर द्वारा परिषद् के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर 4 जुलाई को स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया. जिसमें शैलेन्द्र सोनी विभाग कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, संतोष टैगोर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, शिवाजी सोनी जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, एचएल वर्मा अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सुरेशचन्द्र मंडलोई नवांकुर चयन समिति के सदस्य, विष्णु प्रसाद नागर जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद, विकासखंड समन्वयक बसंत रावत, श्रीमती सीमा बेंडवाल, धनसिंह धनगर उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया. उसके बाद अतिथियों का परिचय कराते हुए अंग वस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रमाण पत्र दिए गए एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया. संचालन बसंत रावत ने किया. आभार महेश सिसोदिया ने माना.

### विद्यार्थियों को लेपटॉप खरीदने सीएम ने डाली राशि



**सुसनेर, 4 जुलाई .** शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत कक्षा 12 वीं में 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्रों को लैपटॉप की राशि वितरित की. एक और जहां पूरे प्रदेश में 94 हजार 234 छात्रों को लैपटॉप की राशि दी गई है. तो वहीं सुसनेर क्षेत्र के 280 मेधावी विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित हुएं. सीएम ने वर्चुअली सिंगल क्लीक के जरिए इन विद्यार्थियो के बैंक खातो में राशि डाली. आपको बता दे की मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मेधावी विद्यार्थी के खाते में 25 हजार की राशि लेपटाप खरीदने के लिए डाली है. इसका लाइप प्रसारण शुक्रवार को सुबह 11 बजे उप जेल के पीछे डग रोड स्थित सांदीपनी विद्यालय सीएम राइज स्कूल के सभागृह में दिखाया गया. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन खुपवाला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, बीआरसी राधेश्याम पाटीदार, भाजपा मंडल महामंत्री पवन शर्मा व स्कूल के प्राचार्य एवं स्टाफभी मौजूद रहा. कार्यक्रम के उपरांत अतिथियो के द्वारा विद्यालय परिसर में ही पौधारोपण भी किया गया.

# कबीलों में बटी भाजपा ने गुटबाजी में तोड़े कांग्रेस के रिकॉर्ड

## तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में अंकुरित हुआ था गुटबाजी का बीज

**शाजापुर, 4 जुलाई. चाल, चरित्र और अनुशासन के मूल मंत्र की पार्टी भाजपा में कबीला संस्कृति तेजी से बढ़ती नजर आ रही है. भाजपा में गुटबाजी जो बीते तीन सालों में बढ़ी है, इतनी गुटबाजी पहले कभी नहीं थी. भाजपा की गुटबाजी को देखते हुए कांग्रेसी भी अब आश्चर्यचकित हैं.**

गौरतलब है कि भाजपा में बीते चार सालों में जो गुटबाजी का बीज अंकुरित हुआ था, वो अब धीरे-धीरे वटवृक्ष का रूप ले चुका है. गुटबाजी के लिए तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष हमेशा याद किए जाएंगे. उनके कार्यकाल में ही गुटबाजी का बीज अंकुरित हुआ था, जिसकी जड़े अब धीरे-धीरे पैर पसारने लगी हैं. कहा जाता है राजनीति में जो बोया जाता है, वो ही काटा जाता है. कांग्रेस की सरकार गिरने के बाद भाजपा की वापसी के समय जिस प्रकार जिले में गुट विशेष की राजनीति चली, उसी का परिणाम है आज भाजपा में गुटबाजी चरम पर है. तत्कालीन जिलाध्यक्ष अम्बाराम कराड़ा के कार्यकाल में पूर्व विधायक अरुण भीमावद की राजनीति के क्षेत्र में जो अनदेखी हुई है, उसके बाद राजनीति ने ऐसी करवट बदली कि अरुण भीमावद शाजापुर के विधायक बने. जो भाजपा नेता विधानसभा चुनाव के पहले अरुण भीमावद को राजनीतिक हाशिये पर रखते थे, आज वे खुद राजनीति के हाशिये पर हैं.

### भाजपा छोड़ मंत्री खेमे की ली शरण...

शाजापुर विधानसभा में जिस प्रकार भाजपा ने भाजपा हराओ अभियान चलाया था, उसी का परिणाम है कि अरुण भीमावद मामूली अंतर से चुनाव जीते थे. जो लोग भाजपा हराओ अभियान की कैम्पेनिंग कर रहे थे, वे इन दिनों राजनीतिक हाशिये पर हैं. शाजापुर की भाजपा छोड़कर वे इन दिनों मंत्री खेमे की शरण में है. एक दर्जन से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शाजापुर भाजपा के कार्यक्रम से दूरियां बनाकर रखते थे. एक समय वो था जब कराड़ा भाजपा पॉवर में थी, तो भीमावद भाजपा हाशिये पर थी. आज राजनीति में भीमावद भाजपा पॉवर में है, तो कराड़ा भाजपा हाशिये पर है.

### शुजालपुर में जिलाध्यक्ष, सांसद के नहीं लगते फोटो

शुजालपुर की राजनीति की बात करें, तो यहां भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे, सांसद महेंद्र सोलंकी के फोटो पिछले दिनों हुए कार्यक्रम में गायब थे. यही कारण है कि शाजापुर में जो कार्यक्रम होते हैं, उसमें गुट विशेष के लोग नजर नहीं आते हैं. इन दिनों भाजपा कार्यालय में अम्बाराम भाजपा समर्थित आधे से ज्यादा भाजपा नेताओं ने कार्यक्रमों से दूरियां बना रखी हैं. एक समय था जब मंच पर अम्बाराम भाजपा नजर आती थी, लेकिन इन दिनों मंच से अम्बाराम भाजपा गायब है. हालांकि इन्होंने अब शुजालपुर को अपनी राजनीतिक राजधानी बना ली है.

### भाजपा में बनी ए और बी टीम...

भाजपा में इन दिनों दो टीम देखने को मिल रही है. ए और बी. ए टीम भाजपा, संगठन और सरकार की उपलब्धियां गिना रही हैं, तो बी टीम संगठन और सरकार की उपलब्धियों से दूर है. अब आने वाले समय में ए और बी टीम की दूरियां नजदीकियों में बदलती हैं या नहीं. लेकिन शाजापुर जिले में भाजपा का कबीला जगह-जगह बटा हुआ है. ए और बी टीम शाजापुर में ही नहीं, शुजालपुर और कालापीपल में भी है. जहां भाजपा का एक धड़ा पार्टी और संगठन के लिए काम कर रहा है, तो वहीं दूसरा धड़ा मौन है. यहां तक कि भाजपा जिलाध्यक्ष की भी अनदेखी की जा रही है. भाजपा की गुटबाजी ने कांग्रेस की गुटबाजी के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं.

# कालापीपल थाने में त्रेता युग, असली साहब बने सुदामा...

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

जिस प्रकार त्रेता युग में भगवान श्रीराम को वनवास मिला था. जिसके बाद उनके छोटे भाई भरत ने उनकी चरण पादुकाओं को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर 14 साल तक राज चलाया था. शाजापुर जिले में कालापीपल थाने का गल्ला सबसे अच्छी इनकम का माना जाता है, लेकिन इस गल्ले पर लंबे समय से भंडारी का भंडारा चल रहा है. हालांकि कालापीपल में थाना प्रभारी भी हैं, लेकिन उनकी स्थिति ऐसी है जैसे भगवान श्रीराम वनवास गए थे, तो उनके राजपाठ को भरत ने उनकी चरण पादुका रखकर चलाया था. याने कि थाना प्रभारी कालापीपल कागजों में तो थाना प्रभारी है, लेकिन कार्यभार भरत जैसे भंडारी चला रहे हैं. और क्यों न हो उनके साथ मुरलीवाले जो हैं. किसकी मजाल कि वो द्वापर युग के अवतार मुरली याने घनश्याम के आशीर्वाद प्राप्त भरत जैसे भंडारी को हिला सकें. लगभग एक दशक तक वे जिले के कई थानों के गल्लों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं. कालापीपल थाने का गल्ला सबसे बड़ा माना जाता है और फिर जिनके सर पर घनश्याम का आशीर्वाद हो, किसकी मजाल कि उन्हें कालापीपल थाने के गल्ले से कोई उठा सके. खाकी और खादी जब आपस में गठबंधन होता है तो आम आदमी की बिसात नहीं कि वो कुछ कर सके. यूं तो पुलिस महकमे ने दस साल से एक जगह जमे लोगों को हटाने का हुक्म जारी किया है, लेकिन अभी कालापीपल थाने की किस्मत में एक साल और भरत के रूप में भंडारी राजपाठ संभालेंगे. क्योंकि उन्हें जिले में दस साल होने में एक साल कम है. भंडारी अपने राजपाठ में पूरी तरह दक्ष हैं. अब तो उनके सिंहासन को कोई हिलाने वाला नहीं है. यदि कप्तान भी उनके सिंहासन को हिलाने की कोशिश करेंगे, तो साक्षात घनश्याम कप्तान का सिंहासन हिला सकते हैं. भरत रूपी भंडारी के राज में जो कोतवाल साहब हैं, वो इन दिनों सुदामा से कम नहीं है. जो प्रसाद कालापीपल थाने के गल्ले पर आता है, उसमें जितना प्रसाद भंडार से जारी हो जाए, सुदामा उसी में संतोष कर लेते हैं. क्योंकि कोतवाल को संतोष करना ही होगा, नहीं तो उन्हें बेरोजगार होने में समय नहीं लगेगा. क्योंकि घनश्याम ने मुरली बजाई, तो थ्री स्टार के सुर बिगड़ जाएंगे. इसलिए थ्री स्टार वाले साहब भगवान का प्रसाद समझकर अपने दिन काट रहे हैं. हालांकि भरत रूपी भंडारी को एनडीपीएस सर्जन कर उपाधि प्राप्त है.

**देव सोएंगे और राजनीतिक फूफा जन्मेंगे...!**

सनातन संस्कृति में कल से देव सो जाएंगे या यूं कहें कि धरती का भार हरि विष्णु भगवान भोलेनाथ को दे जाएंगे. और इसी बीच भाजपा की राजनीति में फूफाओं का जन्म होगा. क्योंकि इसी दौरान भाजपा कार्यकारिणी का गठन होना है. जो लोग कार्यकारिणी में शामिल नहीं हो पाएंगे या राजनीति में जिनके देव सो जाएंगे, वे फूफा रूपी विघ्न संतोषी बनकर जन्म लेंगे.

**पता ही नहीं चला, कैसे चिपक गया फोटो...**

शहर में इन दिनों एक फ्लैक्स चर्चा का विषय है. जिसमें दो फोटो भाजपा की राजनीति में चर्चा का विषय बने हुए हैं. क्योंकि एक दिन पहले वे जिनके साथ भोपाल गए थे और सीएम के साथ फोटो खिंचवाए थे और दूसरे दिन उस फ्लैक्स में इन दो नेताओं के फोटो तो हैं, लेकिन माननीय का नहीं है. अब इन दो नेताओं की स्थिति सांप-छछुंदर जैसी हो चली है. न उगलते बन रहा है, न निगलते. अब फ्लैक्स में फोटो इनकी अनुमति से लगा, तो मुसीबत और बिना अनुमति के लगा, तो परेशानी. लेकिन ये फ्लैक्स शहर में इन दिनों चर्चा का विषय खासकर भाजपा की राजनीति में बना हुआ है.

**अंत में...**

दुल्हा शादी के दो दिन पहले फूफा के साथ लूडो गेम खेल रहा था, दुल्हे ने कहा फूफा अपनी चाल चलो, फूफा ने ऐसी चाल चली कि दुल्हे का रिश्ता ही तुड़वा दिया.

**एक नजर में** हर बीमारी का होगा इलाज, 14 से 18 जुलाई तक

# सभी बीमारियों का नि :शुल्क इलाज बगलामुखी गुप्त दरबार में

**शाजापुर, 4 जुलाई. शाजापुर शहर में मां बगलामुखी गुप्त दरबार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है बड़ी से बड़ी बीमारियों का नि:शुल्क इलाज किया जाएगा. इसके लिए एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अमित शर्मा गुरुजी राजस्थान से आएंगे और 14 से 18 जुलाई तक नि:शुल्क मां बगलामुखी गुप्त दरबार लगाकर लोगों को गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाएंगे.**



इस संबंध में आयोजक महेंद्र सिंह पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि शाजापुर शहर में पहली बार अमित शर्मा गुरुजी भरतपुर राजस्थान द्वारा मां बगलामुखी गुप्त दरबार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी बीमारियों का नि:शुल्क इलाज किया जाएगा. 14 से 18 जुलाई तक इस दरबार का आयोजन श्रीकृष्ण परिसर वाटर वर्क्स के सामने किया जा रहा है. पंवार ने बताया कि गुरुजी अमित शर्मा ने कई गंभीर बीमारी के मरीजों को बीमारी से मुक्ति दिलाई है. पैरेलाइसिस से पीड़ित मरीज जो दरबार में शामिल हुआ, वो गुरुजी के आशीर्वाद से बिना सहारे के घर गया. जिस बीमारी का इलाज नहीं है, उस बीमारी का इलाज अमित शर्मा गुरुजी द्वारा नि:शुल्क किया जाएगा. पंवार ने बताया कि गुरुजी अमित शर्मा को मां बगलामुखी का आशीर्वाद है, जिस कारण वे पूरे देश में हजारों की संख्या में लोगों को गंभीर बीमारियों से मुक्ति दिला चुके हैं. महेंद्र पंवार ने इस नि:शुल्क मां बगलामुखी गुप्त दरबार में भाग लेने की अपील शहरवासियों से की है.

### शाजापुर में पहली बार आएंगे...

शाजापुर में पहला मौका होगा, जब बीमारियों के इलाज के लिए नि :शुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है. आयोजक महेंद्र पंवार ने लोगों से अपील की है कि जो लोग बरसों से गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, वे एक बार मां बगलामुखी गुप्त दरबार में इस सेवा का लाभ लें. और गुरुजी के स्पर्श मात्र से ही चमत्कार देखने को मिलेगा.

### पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील

**शुजालपुर, 4 जुलाई.** राजस्व अधिकारियों ने ग्रामों का भ्रमण कर शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की. अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर अर्चना कुमारी ने राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ ग्राम खोकराकलां, अरन्याकलां, पीपल्यानगर और जामनेर का भ्रमण कर ग्रामवासियों और मोहर्रम आयोजकों से भेंटकर आगामी मोहर्रम एवं श्रावण मास पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की. भ्रमण में तहसीलदार कालापीपल मधु नायक एवं नायब तहसीलदार कालापीपल आनंद जायसवाल, थाना प्रभारी कालापीपल, शुजालपुर मंडी, चौकी प्रभारी तिलावद मैना और संबंधित पटवारीगण उपस्थित थे.

# कीर्तिवान वही होता है जो समाज हित की बात करता है : सत्तन

▶ हिंदी परिवार के तत्वाधान में नवीन उत्सव का आयोजन

**इंदौर. स्वयं की परवाह न करके समाज के हित की बात करने वाला इसके लिए स्वयं को समर्पित करने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से समाज में कीर्ति पता है. कवि प्रदीप नवीन ने अपना सारा जीवन साहित्य सर्जन और समाज की सेवा करने में समर्पित किया.**

उक्त उद्गार राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किये. प्रसंग रहा प्रदीप नवीन के अमृत महोत्सव पर आयोजित नवीन उत्सव का. सारस्वत अतिथि डॉ. माला सिंह ठाकुर ने कहा कि हमें अपनी भाषा संस्कृति और संस्कारों के साथ सनातन परंपराओं की परवाह करनी चाहिए नवीन जी ने इन सारी बातों का ध्यान रखा है इसलिए वंदनीय है. वीणा के संपादक राकेश शर्मा ने साहित्य सृजन के माध्यम से नवीन के बारे में कहा कि हास्य व्यंग्य के कवि होकर भी इन्होंने कभी ऐसा कुछ नहीं लिखा जो किसी को खटके यह सब के प्रिय रहे हैं.



### स्मारिका का लोकार्पण

इस अवसर पर नवीन जी के जीवन से संबंधित स्मारिका देते हुए शुभकामना का लोकार्पण अतिथियों के द्वारा किया गया. अतिथियों का स्वागत डॉक्टर अरुणा सराफ, मीना निमजे, दीपक शिरालकर नरेंद्र शर्मा, प्रीति काले, प्रमोद काले आदि ने किया. नवीन जी का स्वागत पद्मश्री जगदीश जोशीला, पत्रकार अरविंद तिवारी, कीर्ति राणा, आलोक बाजपेई रामलाल प्रजापति मुकेश तिवारी के अलावा रामेश्वर गुप्ता, गोविंद गुंजन, क्रांति कनाटे बड़ोदरा, शरद जोशी शरद धार, वामा साहित्य मंच इंदौर लेखिका संघ, श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति हिंदी परिवार इंदौर क्षितिज विचार प्रवाह मंच मध्य प्रदेश विद्युत मंडल सेवा निवृत्त संघ मध्य प्रदेश बैंक सेवानिवृत्त महासंघ आदि संस्थाओं के द्वारा किया गया.

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट द्वारा मेगा रक्तदान शिविर

**इंदौर.** रोटरी वर्ष 2025-26 की शुरुआत रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 ने जोश और ऊर्जा से भरपूर एक ऐतिहासिक पहल के साथ की. डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न क्षेत्रों में फैले लगभग 80 रोटरी क्लबों ने मिलकर 35 से अधिक केन्द्रों पर भव्य मेगा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया और 1570 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया. इस प्रेरणादायक अभियान का नेतृत्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन सुशील मल्होत्रा ने किया. कम्युनिटी सर्विसेज चेयर भूतपूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अतुल गार्गव, ब्लड डोनेशन चेयर भूतपूर्व अध्यक्ष अनिल गुप्ता, और को-चेयर भूत पूर्व राकेश शर्मा ने मिलकर इसे सफल रूप दिया. इन शिविरों में भारी संख्या में रक्तदाताओं ने भाग लेकर यह सिद्ध किया कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है जो समाज की भलाई के लिए समर्पित है.



# जीने की कला कई धर्म ग्रंथ सिखाते हैं, पर मरने की कला केवल भागवत में

▶ शोभायात्रा के साथ परशुराम महासभा द्वारा भागवत कथा का शुभारंभ

**इंदौर. रामायण, गीता, वेद, भागवत एवं उपनिषद् हमारे लिए आचार संहिता है, जिनके बताए मार्ग पर चलकर हम अपने जीवन को सभ्य, शालीन, संस्कारित और निर्बाध बना सकते हैं. कलियुग में भागवत को मोक्षदायी ग्रंथ कहा गया है. जीने की कला तो अनेक धर्मगुरु, योगगुरु और धर्मग्रंथो से सीखी जा सकती है, लेकिन मरने की कला केवल भागवत में ही मिलती है. भागवत भगवान कृष्ण का वांगमय में अवतार है, जिसकी महत्ता कभी किसी युग में खत्म नहीं हो सकती.**



राजेंद्र नगर स्थित जवाहर सभागृह, टंकी हाल पर परशुराम महासभा की मेजबानी में गुरुवार से प्रारंभ हुए भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में बाल व्यास स्वामी ऋषभदेव ने उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व टंकी हाल से परशुराम चौक तक भागवतजी की दिव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें पार्षद बड़वे, पं. राजेंद्र रामावत, पिंटू शर्मा, युवा वाहिनी अध्यक्ष पं. अनिरुद्ध शर्मा शामिल थे. मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा, रंगोली एवं बधाई गीतों के बीच शोभायात्रा का स्वागत हुआ. बैंड-बाजों की मंगल ध्वनि के बीच मुख्य यजमान श्रीमती पूनम-संजय मिश्रा ने भागवत को मस्तक पर धारण कर नंगे पैर यात्रा की. जवाहर सभागृह पर शोभायात्रा का विराम हुआ. व्यासपीठ का पूजन प्रदेश अध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा, पं. संजय मिश्रा, डिंपल शर्मा, श्रीमती पायल शर्मा, कविता मिश्रा, मोनिका शर्मा, मोनिका दुबे सहित विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारियों ने किया. क्षेत्र के रहवासी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कथा 10 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी.

### जन-जन की धरोहर

आचार्य ऋषभ देव महाराज ने कहा कि एक ही कथा को हजारों बार सुनने-पढ़ने के बाद भी यदि उसके प्रति श्रद्धा-आस्था एवं विश्वास में वृद्धि होती रहे तो यह भगवान की वाणी का चमत्कार ही है. भागवत जैसे धर्म ग्रंथ इस देश ही नहीं दुनिया भर में जन-जन की धरोहर है. कई बार श्रवण के बाद भी भक्तों की प्यास को बढ़ाने का काम भागवत और भगवान की वाणी से ही संभव है.